प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

19 अक्तूबर 2022

त्रैमासिक औद्योगिक संभावना सर्वेक्षण (आईओएस) की शुरुआत: अक्तूबर-दिसंबर 2022 (100वां दौर)

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अक्तूबर-दिसंबर 2022 की संदर्भ अवधि के लिए भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के त्रैमासिक औद्योगिक संभावना सर्वेक्षण (आईओएस) के 100वें दौर की शुरुआत की है। इस सर्वेक्षण में वर्तमान तिमाही (2022-23 की तीसरी तिमाही) के लिए कारोबारी मनोभावों और आगामी तिमाही (2022-23 की चौथी तिमाही) के लिए प्रत्याशाओं का आकलन किया जाता है, जो मांग स्थितियों, वित्तीय स्थितियों, रोजगार स्थितियों तथा मूल्य स्थिति से संबंधित संकेतकों के समूह पर गुणवत्तापूर्ण प्रत्युत्तरों पर आधारित है। प्रमुख मापदंडों पर एक अतिरिक्त ब्लॉक बाद की दो तिमाहियों (2023-24 की पहली तिमाही और 2023-24 की दूसरी तिमाही) के लिए निर्माताओं की संभावनाओं को दर्शाता है। यह सर्वेक्षण विनिर्माण क्षेत्र के कार्यनिष्पादन में उपयोगी अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराता है।

2. 99वें दौर अर्थात्, 2022-23 की दूसरी तिमाही के परिणाम 30 सितंबर 2022 को सार्वजनिक डोमेन में प्रकाशित किए गए थे।

3. मैसर्स जेनेसिस मैनेजमेंट एंड मार्केट रिसर्च प्रा. लि. को भारतीय रिज़र्व बैंक की तरफ से अक्तूबर-दिसंबर 2022 तिमाही का सर्वेक्षण करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। यद्यपि, यह एजेंसी चुनिंदा कंपनियों से संपर्क करेगी, अन्य विनिर्माण कंपनियों को भी प्रोत्साहित किया जाता है कि वे रिज़र्व बैंक की वेबसाइट से सर्वेक्षण प्रश्नावली डाउनलोड कर इस सर्वेक्षण में भाग ले सकती हैं, यह सर्वेक्षण प्रश्नावली 'फॉर्म' शीर्ष (आरबीआई होम पेज पर बिल्कुल नीचे 'अन्य लिंक" देखें) और 'सर्वेक्षण' उप-शीर्ष के अंतर्गत रखी गई है। विधिवत भरी हुई प्रमाणित सर्वेक्षण प्रश्नावली को उसमें दिए गए संपर्क ब्यौरे पर ई-मेल से भेजा जा सकता है।

4. प्रतिक्रिया देने वालों की पहचान नहीं बताई जाती है।

5. किसी प्रश्न/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

निदेशक,
उद्यम सर्वेक्षण प्रभाग,
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग,
भारतीय रिज़र्व बैंक, सी-8, दूसरी मंजिल, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051,
फोन: 022-26578386, 022-26572197,
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1065